मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)

खण्ड–II, पंचम तल, पर्यावास भवन, भोपाल

क्र.21718/22/वि–12/स्था./2016 भोपाल, दिनांक 20/10/2016

प्रति,

महाप्रबंधक (समस्त)
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
परियोजना कियान्वयन इकाई ....मध्यप्रदेश

विषयः– **उपयंत्रियों की कमी के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन में कार्यरत उपयंत्रियों की सेवाएं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण/संधारण कार्यो में प्राप्त किये जाने बावत्।**

––000––

वर्तमान में अधिकांश इकाईयों में उपलब्ध निर्माण/संधारण कार्यो के कार्यभार के अनुपात में उपयंत्रियों की संख्या कम है जिससे निर्माण/संधारण कार्यो की प्रगति प्रभावित हो रही है। इस स्थिति पर विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि जिले में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन में कार्यरत उपयंत्रियों की सेवाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की दृष्टि से उन्हें वर्तमान में आवंटित कार्यो के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित कार्यो भी अतिरिक्त रूप से सौंपे जा सकते हैं। उक्त उपयंत्रियों की सेवाएं प्राप्त किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

1. उपयंत्रियों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन के कार्य हेतु आवंटित विकासखण्ड के अंतर्गत मिशन के कार्यो के साथ साथ प्राधिकरण के उस विकासखण्ड में चल रहे सड़क निर्माण/संधारण कार्यो के संपादन/पर्यवेक्षण संबंधी कार्य अतिरिक्त रूप से आवंटित किये जा सकते हैं।
2. कंडिका क्र. 1 के अनुसार अतिरिक्त कार्य आवंटन के उपरांत भी उपयंत्रियों का वेतन पूर्व की भांति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला/जनपद पंचायत से प्राप्त वेतन पत्रक के आधार पर ही आहरित किया जाता रहेगा।
3. उपयंत्रियों को प्राधिकरण के सड़क संबंधी कार्यो को आवंटित करते समय यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा कि उनको पूर्व से आवंटित आवास मिशन संबंधित कार्य किसी भी स्थिति में प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करना संबंधित उपयंत्री का दायित्व होगा।

(मुख्य कार्य. अधि. द्वारा आदेशित)

(एम.के. गुप्ता) 20/10/16
प्रमुख अभियंता
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,भोपाल

पृ.क्र.21719/22/वि–12/स्था./2016 भोपाल, दिनांक 20/10/2016

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत (समस्त) जिला .... म.प्र.।
2. मुख्य महाप्रबंधक (समस्त) म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण भोपाल/इंदौर/रीवा/जबलपुर।

प्रमुख अभियंता 20/10
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,भोपाल

F:\ROHIT\Co-ordination Data\Letter's\Letter Hindi.doc//112